भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4275

19 अगस्त, 2025 को उत्तरार्थ

विषय: एसीएबीसी योजना का कार्यान्वयन

4275. श्री श्रीरंग आप्पा चंदू बारणेः

श्रीमती भारती पारधीः

श्री भाऊसाहेब राजाराम वाकचौरेः

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) कृषि-क्लिनिक और कृषि-व्यवसाय केंद्र (एसी और एबीसी) योजना की शुरुआत से अब तक इसके अंतर्गत प्रशिक्षित व्यक्तियों की वर्ष-वार और राज्य-वार, विशेषकर महाराष्ट्र में, कुल संख्या कितनी है और उनमें से कितने व्यक्तियों ने सफलतापूर्वक कृषि-क्लिनिक और कृषि-व्यवसाय केंद्र स्थापित किए हैं;

(ख) सरकार की "सफल" कृषि-क्लिनिक या कृषि-व्यवसाय केंद्र की परिभाषा क्या है और इस परिभाषा के आधार पर वर्तमान सफलता दर क्या है;

(ग) क्या इस सफलता दर को बढ़ाने के लिए कोई विशिष्ट लक्ष्य नियत किया गया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या स्थापित उद्यमियों की सफलता दर प्रशिक्षित अभ्यर्थियों की तुलना में कम है; और

(ङ) यदि हाँ, तो इस विसंगति के लिए चिह्नित विशिष्ट कारण क्या हैं, साथ ही प्रशिक्षित कृषि उद्यमियों को कार्यात्मक व्यवसायियों में रूपांतरित करने की दर में सुधार हेतु क्या सुधारात्मक उपाय किए जा रहे हैं?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)

(क): वर्ष 2002-03 से 2024-25 तक कृषि-क्लिनिक और कृषि-व्यवसाय केंद्र (एसी और एबीसी) योजना के अंतर्गत इसकी शुरुआत से प्रशिक्षित व्यक्तियों और उनमें से सफलतापूर्वक कृषि-क्लिनिक और कृषि-व्यवसाय केंद्र स्थापित करने वाले व्यक्तियों की वर्ष-वार और महाराष्ट्र सहित राज्य-वार कुल संख्या का विवरण **अनुबंध I, II और III** पर संलग्न है।

(ख): सफल कृषि-क्लिनिक या कृषि-व्यवसाय केंद्र (एसी और एबीसी) उद्यम वह उद्यम है जो एसी और एबीसी प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा करने के बाद स्व-वित्तपोषण या ऋण के माध्यम से वित्तीय सहायता के साथ स्थापित किया जाता है और एसी और एबीसी कार्यक्रम या एसी और एबीसी योजना के साथ अभिसरण योजना के तहत लागू सब्सिडी का लाभ उठाता है, जिसे प्रोजेक्ट डायरेक्टर, आत्मा, कृषि विज्ञानं केंद्र (के.वी.के) के कार्यक्रम समन्वयक या राज्य कृषि विश्वविद्यालय/आई.सी.ए.आर. संस्थान के निकटतम अनुसंधान केंद्र के प्रमुख द्वारा विधिवत प्रमाणित किया जाता है।

(ग): वर्ष 2025 से आगे सफलता दर का लक्ष्य कुल प्रशिक्षित अभ्यर्थियों का 35% निर्धारित किया गया है।

(घ) और (ङ): जी हाँ। स्थापित उद्यमियों की सफलता दर प्रशिक्षित अभ्यर्थियों की तुलना में कम होती है, जिसके निम्नलिखित कारण हैं:

i. बैंकों से ऋण सुविधा प्राप्त करने में कठिनाइयाँ।
ii. कुछ अभ्यर्थी प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद उच्च शिक्षा का विकल्प चुन रहे हैं।
iii. कुछ प्रशिक्षित अभ्यर्थी अन्य नौकरियों का विकल्प चुन रहे हैं।

प्रशिक्षित कृषि उद्यमियों को कार्यात्मक व्यवसायों में रूपान्तरित करने की दर में सुधार लाने के लिए किए जा रहे सुधारात्मक उपायों में शामिल हैं:

(i) वाणिज्यिक बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, राज्य सहकारी बैंकों, राज्य सहकारी कृषि, ग्रामीण विकास बैंकों और अन्य नाबार्ड-पुनर्वित्त-योग्य संस्थाओं से ऋण सुविधाएँ। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम (एनएसएफडीसी), राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम (एनबीसीएफडीसी) और राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम (एनएसकेएफडीसी) भी कृषि-उद्यमियों को ऋण सुविधाएँ प्रदान कर रहे हैं।

(ii) पात्रता के अनुसार प्रधानमंत्री सूक्ष्म इकाई विकास एवं पुनर्वित्त एजेंसी लिमिटेड (पीएममुद्रा) योजना के अंतर्गत 10 लाख रुपये तक के ऋण दिए जाते हैं।

(iii) भारतीय रिजर्व बैंक के लघु उद्योगों के लिए सुरक्षा मानदंडों के अनुसार, 10 लाख रुपये तक के ऋण, अतिरिक्त कोलेटेरल की आवश्यकता के बिना, निर्मित परिसंपत्तियों के बंधक के माध्यम से सुरक्षित किए जाते हैं।

(iv) लघु उद्योगों के लिए अधिकांश गतिविधियां ऋण गारंटी निधि ट्रस्ट (सीजीटीएसआई) की ऋण गारंटी योजना के अंतर्गत आती हैं, जिससे उद्यमियों के लिए ऋण तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित होती है और जोखिम कम होता है।

(v) एसी और एबीसी कार्यक्रम के अंतर्गत सूचीबद्ध गतिविधियां, कृषि क्षेत्र के लिए अनुकूल ऋण शर्तें सुनिश्चित करने के लिए आरबीआई मास्टर डायरेक्शन के प्राथमिकता क्षेत्र ऋण मानदंडों के अंतर्गत आती हैं।

(vi) नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक (डीडीएम) नोडल प्रशिक्षण संस्थानों (एनटीआई), वित्तपोषण बैंकों और अन्य स्टेकहोल्डर्स के साथ समन्वय करके एसी और एबीसी योजना के तहत कृषि उद्यमियों को समय पर ऋण और सब्सिडी की मंजूरी और वितरण की सुविधा प्रदान करते हैं। एनटीआई को संबंधित डीडीएम, विस्तार शिक्षा संस्थानों (ईईआई) और राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान (मैनेज) को विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) की स्थिति पर मासिक विवरण प्रस्तुत करना आवश्यक है। डीडीएम ब्लॉक स्तरीय बैंकर्स समिति (बीएलबीसी) और जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीएलसीसी) की बैठकों के दौरान डीपीआर पर ऋण स्वीकृति की स्थिति की समीक्षा करते हैं।

अनुबंध-I

प्रशिक्षित और सफलतापूर्वक कृषि-क्लिनिक और कृषि-व्यवसाय केंद्र (एसी और एबीसी) स्थापित करने वाले व्यक्तियों की संख्या का राज्य-वार विवरण:

क्र. सं.	राज्य	प्रशिक्षित अभ्यर्थियों की संख्या	स्थापित क्लिनिक और कृषि-व्यवसाय केन्द्रों की संख्या
1.	आंध्र प्रदेश	1838	538
2.	अरुणाचल प्रदेश	48	3
3.	असम	845	281
4.	बिहार	4575	1630
5.	चंडीगढ़	4	2
6.	छत्तीसगढ़	1036	425
7.	दिल्ली	44	6
8.	गोवा	19	10
9.	गुजरात	2309	916
10.	हरियाणा	755	251
11.	हिमाचल प्रदेश	431	112
12.	जम्मू और कश्मीर	1556	191
13.	झारखंड	835	222
14.	कर्नाटक	4883	1968
15.	केरल	304	87
16.	मध्य प्रदेश	5844	2686
17.	महाराष्ट्र	26136	13238
18.	मणिपुर	522	135
19.	मेघालय	37	4
20.	मिजोरम	52	0
21.	नागालैंड	187	22
22.	उड़ीसा	643	116
23.	पांडिचेरी	159	92
24.	पंजाब	671	225
25.	राजस्थान	5150	2042
26.	सिक्किम	9	1
27.	तमिलनाडु	10085	5091
28.	तेलंगाना	2430	665
29.	त्रिपुरा	6	2
30.	उत्तर प्रदेश	20961	10071
31.	उत्तरांचल	626	212
32.	पश्चिम बंगाल	1276	343
	कुल	**94276**	**41587**

अनुबंध-II

प्रशिक्षित और सफलतापूर्वक कृषि-क्लिनिक और कृषि-व्यवसाय केंद्र (एसी और एबीसी) स्थापित करने वाले व्यक्तियों की संख्या का राज्य-वार विवरण:

क्र. सं.	वित्तीय वर्ष	प्रशिक्षित अभ्यर्थियों की संख्या	उद्यमों को स्थापित करने वाले अभ्यर्थियों की संख्या
1.	2002 - 2003	2400	416
2.	2003 - 2004	1828	457
3.	2004 - 2005	2925	784
4.	2005 - 2006	2894	1416
5.	2006 - 2007	3149	1081
6.	2007 - 2008	2742	1040
7.	2008 - 2009	2504	1011
8.	2009 - 2010	2564	1111
9.	2010 - 2011	3224	1292
10.	2011 - 2012	4015	2136
11.	2012 - 2013	4424	2250
12.	2013 - 2014	4451	2321
13.	2014 - 2015	5437	2545
14.	2015 - 2016	5259	2582
15.	2016 - 2017	5728	2807
16.	2017 - 2018	5646	2490
17.	2018 - 2019	6600	2392
18.	2019 - 2020	7340	626
19.	2020 - 2021	1190	2475
20.	2021 - 2022	5669	3411
21.	2022 - 2023	4794	2734
22.	2023 - 2024	4964	2511
23.	2024 - 2025	4529	1699
	कुल	**94276**	**41587**

अनुबंध-III

महाराष्ट्र में प्रशिक्षित और सफलतापूर्वक कृषि-क्लिनिक और कृषि-व्यवसाय केंद्र (एसी और एबीसी) स्थापित करने वाले व्यक्तियों की संख्या का राज्य-वार विवरण:

क्र. सं.	वित्तीय वर्ष	प्रशिक्षित अभ्यर्थियों की संख्या	उद्यमों को स्थापित करने वाले अभ्यर्थियों की संख्या
1.	2002 - 2003	348	58
2.	2003 - 2004	212	119
3.	2004 - 2005	482	188
4.	2005 - 2006	560	292
5.	2006 - 2007	524	118
6.	2007 - 2008	508	171
7.	2008 - 2009	361	207
8.	2009 - 2010	507	162
9.	2010 - 2011	920	357
10.	2011 - 2012	1244	750
11.	2012 - 2013	1102	595
12.	2013 - 2014	1157	617
13.	2014 - 2015	1588	797
14.	2015 - 2016	1488	754
15.	2016 - 2017	1443	996
16.	2017 - 2018	1610	843
17.	2018 - 2019	1875	934
18.	2019 - 2020	2425	199
19.	2020 - 2021	493	1040
20.	2021 - 2022	2092	1355
21.	2022 - 2023	1669	1242
22.	2023 - 2024	1725	770
23.	2024 - 2025	1803	674
	कुल	**26136**	**13238**

*****